प्रेस विज्ञप्ति

26-07-2023

रायपुर, छत्तीसगढ़ में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शहरी अवसंरचना विकास निधि पर लोकसंपर्क कार्यक्रम: "जनता से जुड़ना"

राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा दिनांक 26-07-2023 को रायपुर में भारत सरकार के "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत "जनता से जुड़ना" विषय के तहत एक लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री शारदा कुमार होता, प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय आवास बैंक, श्री ऋषभ पाराशर, उप सचिव, वित्त विभाग, छत्तीसगढ़ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम में एसयूडीए, आरबीआई और एसएलबीसी के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान शहरी अवसंरचना विकास निधि (यूआईडीएफ) की बारीकियों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उपस्थित वक्ताओं ने टियर 2 एवं टियर 3 शहरों में बढ़ते शहरीकरण और संबंधित अवसंरचना की चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यूआईडीएफ के तहत धन के उपयोग के लिए राज्य सरकार और रा.आ.बैंक को समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK
शहरी अवसंरचना विकास निधि (यूआईडीएफ)
पर लोकसंपर्क कार्यक्रम
OUTREACH PROGRAMME ON

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK
पर लोकसंपर्क कार्यक्रम